भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं० 3866

दिनांक 02.04.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए

पेयजल और स्वच्छता संबंधी समिति

3866. श्रीमती शशिकला पुष्पाः

क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या प्रो॰ डा॰ आर॰ ए॰ माशेलकर की अध्यक्षता में ग्रामीण पेयजल तथा स्वच्छता के संबंध में उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति को देश में पेयजल में मौजूद विभिन्न संदूषकों के उपचार के लिए अलग-अलग प्रौद्योगिकियों की जांच करने के लिए 2014 में नियुक्त किया गया था;

(ख) यदि हां, तो उस समिति द्वारा की गई सिफारिशों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने राज्य सरकारों की राय जानने के उद्देश्य से राज्य सरकारों से उन सिफारिशों को साझा किया था;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

(श्री एस.एस. अहलूवालिया)

(क) पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय ने देश के ग्रामीण क्षेत्रों के पेयजल में विभिन्न संदूषकों के शोधन हेतु विभिन्न प्रौद्योगिकियों की जांच करने और राज्यों को सुझाव देने के लिए प्रोफेसर डॉ. आर.ए. माशेल्कर की अध्यक्षता में ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता पर वर्ष 2014 में एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति गठित की है।

(ख) अब तक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति ने ग्रामीण पेयजल में 38 प्रौद्योगिकियों को सुचीबद्ध किया है। दिनांक 27 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार समिति द्वारा सूचीबद्ध प्रौद्योगिकियों की सूची अनुलग्नक पर दी गई है।

(ग) से (ड.) मंत्रालय द्वारा जनवरी, 2015 में ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता पर नवाचार प्रौद्योगिकियों का एक सार संग्रह प्रकाशित किया गया था और सभी राज्यों में व्यापक रूप से परिचालित किया गया था। साथ ही मंत्रालय की वेबसाइट पर भी समिति द्वारा सूचीबद्ध प्रौद्योगिकियां उपलब्ध हैं। उच्च स्तरीय तकनीकी समिति द्वारा सूचीबद्ध प्रौद्योगिकियां राज्यों के लिए सुझाव मात्र हैं और प्रौद्योगिकियों को अपनाना स्थानीय स्थिति तथा शोधन हेतु संदूषणों के प्रकार पर आधारित है।

दिनांक 02/04/2018 को उत्तर दिए जाने के लिए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3866 के उत्तर के विवरण में उल्लिखित अनुलग्नक

दिनांक 27 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति द्वारा सूचीबद्ध प्रौद्योगिकियों की सूची

क्र.सं.	शीर्षक
1	पुर ऑनलाइन वाटर प्यूरिफिकेशन डिवाइस
2	कार्बन एयरोजेल सामग्री प्रयोग करते हुए कैपेसिटिव डिआयोनाइजेशन टेक्नॉलोजी (सीडीआई)
3	वाटर ऑन द व्हील्स-जलदूत
4	सौर प्रचालित/स्टैंड अलोन ग्राउंड वाटर ट्रीटमेंट प्लांट
5	जल-तारा वाटर फिल्टर
6	अक्वा + और एण्टीना वाटा टेक्नोलॉजी
7	पीने के प्रयोजन हेतु जल के शुद्धिकरण के लिए पीएंडजी सैशे
8	सुप्रीमस अक्वा स्टैंड अलोन वाटर प्यूरिफिकेशन सिस्टम
9	इलेक्ट्रोक्लोरिनेशन द्वारा विसंक्रमण
10	इलेक्ट्रोस्टैटिक डिआयोनाइजेशन (ईएसडी)टेक्नोलॉजी द्वारा जल शोधन
11	नैनोफिल्ट्रेशन (एनएफ) मेम्ब्रेन का प्रयोग करते हुए जल शोधन
12	यूवी आधारित जल शोधन प्रणाली
13	आर.ओ. और यूवी रेडियेशन से जल शोधन
14	वाटर मीटरिंग के लिए मीटर रीडिंग (एएमआर) सॉल्यूशन
15	वाटर माइंड सिस्टम
16	सुरक्षित जल सुपुर्दगी हेतु वाटर एटीएम आधारित हब-एंड-स्पोक्स मॉडल
17	बाढ़ एवं राहत प्रणाली के लिए जल शुद्धिकरण प्लांट
18	सोलर पंपिंग के द्वारा एकीकृत जल विसंक्रमण प्रणाली और यूवी द्वारा जल विसंक्रमण
19	सोलर पंपिंग के द्वारा एकीकृत जल विसंक्रमण प्रणाली और इलेक्ट्रोक्लोरिनेशन द्वारा जल विसंक्रमण
20	विशिष्ट आयन-एक्सचेंज रेजिन्स का प्रयोग करते हुए लौह संदूषण को दूर करना
21	सीएसआईआर-एनईईआरआई इलेक्ट्रोलायटिक डिफ्लोरिडेशन (ईडीएफ) ऑक्सीमैक्स सिस्टम
22	आयरन एंड आर्सेनिक रिमूवल ऑक्सीमैक्स सिस्टम
23	"पी-लो" स्मार्ट जल एटीएम
24	जी ई एच 102 ग्रैनूलर फैरिक हाईड्राक्साइड
25	ऑन लाइन डोजिंग एसकेएफ-281164-ए और एसकेएफ-281164-बी द्वारा भारती नैनो फ्लोराइड रिमुवल टैक्नोलॉजी
26	7,000 पीपीएम और 10,000 पीपीएम वाला एससीएस10के विसंक्रमण रसायन
27	आर्सेनिक निपटान हेतु कम लागत वाली नॉन इलैक्ट्रीक जल प्यूरीफायर
28	एक्वाफिल पोटेबल जल प्यूरीफायर
29	जलापूर्ति स्कीमों के लिए हैंडपंप, ट्यूबवैल और ओवर हैड टैंकों हेतु भारती-सैनको लौह सह आर्सेनिक निपटान इकाई
30	जलापूर्ति स्कीमों के लिए हैंडपंप, ट्यूबवैल और ओवर हैड टैंकों हेतु भारती-सैनको लौह निपटान इकाई
31	वाटरवेन्स-जल नाड़ी को अनलॉक करते हुए ताजे पानी का स्रोत निरंतर उपलब्ध कराना
32	केडिया फॉर्म पैटर्न द्वारा पेटैंट कराए गए भूमिगत वर्षा जल संचयन द्वारा गांवों में पेयजल सुरक्षा
33	हॉलो फाइबर मेम्ब्रेन टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए पैथोजेनिक ऑर्गेनिज्म को दूर करना
34	सामुदायिक स्तर पर आईआईटीबी आर्सेनिक फिल्टर
35	ईएमआरआईओएन- जीरो लिक्विड डिस्चार्ज और डबल डिसइंफेक्शन सिस्टम (पल्स्ड यूवी और ओजोन) द्वारा फलोराइड, आर्सेनिक और हेवी मेटल की मात्रा में कमी लाने के लिए नैनोटेक्नोलॉजी वाटर ट्रीटमेंट
36	बोरवेल से भू-जल से अत्यधिक नाइट्रेट को दूर करने के लिए नाइट्रेट सेलेक्टिव ऑयन-एक्सचेंज टेक्नोलॉजी पर आधारित नाइट्रेट रिमूवल प्लांट
37	भू-जल से आर्सेनिक और फ्लोराइड को दूर करने के लिए लोहा (एफई)/जिरकोनियम (जेडआर) नैनो कणों पर आधारित एचएआईएक्स: हाइब्रिड एनियॉन एक्सचेंज मीडिया
38	सीडीआई (कैपेसिटिव डीआयोनाइजेशन)